ब्रजरत्न वंदनाश्री और उनकी टीम देगी प्रस्तुति, ब्रज और वृन्दावन को मंच पर उतारेंगे



● इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क

अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति की मेजबानी में रविवार 8 मार्च की शाम बायपास स्थित संपत पैलेस गार्डन पर फाग महोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर समाज बंधुओं की सुविधा के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। कलाकारों के लिए भव्य मंच भी बनाया

कलाकारों के लिए भव्य मंच भी बनाया गया, जहां से दी जाएगी प्रस्तुतियां

गया है। समिति के प्रमुख संरक्षक विनोद अग्रवाल, अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल एवं संयोजक जगदीश बाबाश्री तथा गणेश गोयल ने बताया कि ब्रजरत्न वंदनाश्रीजी पहली बार अपने वृन्दावनी रास बैंड के कलाकारों के साथ इंदौर आ रही हैं। शनिवार को संपत पैलेस पर आयोजित बैठक में फाग उत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया। वन्दनाश्रीजी को देश-विदेश में अनेक मंचों से पुरस्कार मिल चुके हैं। उनकी टीम में महिला कलाकार भी हैं और भजन गायकों से लेकर लोक नर्तक, संगीतज्ञ और अन्य कलाकार भी हैं जो देश-विदेश में अनेक मंचों से अपनी प्रस्तुतियां दे चुके हैं।